तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

जनसंपर्क से ही जीत की राह निकलेगी : लता उसेंडी 12



4 नवंबर से शुरू होगा डोर-टू-डोर गणना 13



## खबर संक्षेप



### रेत का अवैध उत्खनन, 6 वाहनों पर प्रकरण दर्ज

**जगदलपुर।** खनिज जांच दल द्वारा 28 अक्टूबर को जिले के ग्राम बनियागांव का औचक निरीक्षण में अवैध रूप से गौण खनिज रेत का उत्खनन करते पाये जाने के कारण उत्खननकर्ताओं के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर 6 वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंपी गई। रेत का अवैध परिवहन करते हुए पांच टिप्पर और एक चैन माउण्टेन पोकलेन की जब्ती की गई है। वाहनों को खनिज मय जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपते हुए वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार खनिज अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। कार्रवाई में जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनिज अधिकारी शिखर चेरपा, निरीक्षक मृदुल गुहा तथा सिपाही डिकेश्वर खरे उपस्थित रहे। उपरोक्त सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 सहपठित खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी होंगे सीईओ

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने एवं मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भागीदारी होकर कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है। इसके लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन को स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### 394 तीर्थयात्री तिरुपति, मदुरै व रामेश्वरम की करेंगे दर्शन यात्रा

**जगदलपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत बस्तर जिले के 394 तीर्थ यात्रियों को 18 से 25 नवंबर तक तिरुपति, मदुरै और रामेश्वरम का दर्शन यात्रा करेंगें। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्रा का प्रारंभ रायपुर से किया जाएगा। इस तिथि में दंतेवाड़ा 132, बीजापुर 129 और सुकमा 125 जिले के यात्री भी शामिल होंगे।

### संयुक्त संचालक ने बड़े गुडरा विद्यालय का किया निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** आज संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बस्तर राकेश पाण्डे के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े गुडरा, विकासखंड कटेकल्याण का प्रातः 9:30 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के प्रार्थना सभा में संस्था के प्राचार्य चंद्रमणि जायसवाल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। प्रार्थना सभा में संयुक्त संचालक के द्वारा बच्चों को प्रेरणात्मक बातें बतायी गई। प्रार्थना सभा के पश्चात संयुक्त संचालक के द्वारा शिक्षक दैनंदिनी का अवलोकन कर दैनंदिनी में गृह कार्य व उदाहरण का उल्लेख करने हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया गया। साथ ही शिक्षकों को नियमित एवं समय पर स्कूल पहुंचने हेतु निर्देश देते हुए सभी स्टाफ के साथ बैठकर अध्यापन संबंधी सकारात्मक एवं सुझावात्मक बातें कही गई।

# दलाल के चंगुल से छूटे 18 मजदूर, कर्नाटक से सकुशल घर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

ज्यादा मजदूरी और अच्छे काम का लालच देकर जिले के दो ग्राम पंचायत कड़ेनार से 11 और घुमरा से 7 कुल 18 ग्रामीणों को एक दलाल सीनू श्रीनिवास अगस्त माह में तेलंगाना राज्य ले गया था। ग्रामीणों को यह व्यक्ति मजदूरी दिलाने के बहाने बाहर लेकर गया, लेकिन बाद में उनके साथ धोखाधड़ी की गई।

मिली जानकारी के अनुसार श्रमिक मनोज ताती ने बताया कि पहले इन मजदूरों को तेलंगाना के करीमनगर में काम कराया गया, फिर दलाल द्वारा महाराष्ट्र के नांदेड़ भेज दिया गया। इसके बाद वही दलाल सीनू श्रीनिवास ने सभी मजदूरों को कर्नाटक राज्य के जिला बागलकोट अंतर्गत बिगड़ी गांव जानमट्टी में एक साहूकार के यहां 5 लाख में काम पर लगा दिया। लेकिन मजदूरों को मेहनताना नहीं दिया गया और दलाल फरार हो गया। मजदूर छत्तीसगढ़ लौटना चाहते थे पर साहूकार उन्हें छोड़ नहीं रहा था।

मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए एक संयुक्त रेस्क्यू टीम गठित की गई। इस टीम में श्रम निरीक्षक लोकेंद्र वैष्णव, राजस्व निरीक्षक यशवंत राव और सहायक उप पुलिस निरीक्षक बलदेव कुड़ियाम शामिल थे, जिन्हें तत्काल जिला बागलकोट कर्नाटक रवाना किया गया।

## मजदूरी नहीं मिल रही थी, साहूकार छोड़ नहीं रहा था

मजदूरी का बकाया 1 लाख 36 हजार दिलाया गया



### गृहग्राम कड़ेनार व घुमरा भेजा गया

स्थानीय प्रशासन की मदद से टीम ने सभी 18 श्रमिकों को सकुशल छुड़ाया। 1 लाख 36 हजार 100 रुपए की बकाया मजदूरी राशि भी दिलवाई। रेस्क्यू टीम ने 28 अक्टूबर को सभी मजदूरों को बीजापुर वापस लाया। 29 अक्टूबर को उनके गृहग्राम कड़ेनार व घुमरा में सुरक्षित पहुंचा दिया गया। इस सफल अभियान के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और श्रम विभाग सक्रिय भूमिका निभाई।

## असर: किरन्दुल से विशाखापटनम पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस 30 तक रद्द

# चक्रवात मोंथा तूफान के चलते भारी बारिश से घाट सेक्शन में लैंड स्लाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चक्रवात तूफान मोंथा और उसके पूर्वी तट पर संभावित प्रभाव को देखते हुए 3 दिन पहले से ही भारतीय रेल पूरी सतर्कता और तैयारी कर ली थी। मंडल,जोन और बोर्ड स्तर पर वार रूम सक्रिय कर दिए गए हैं, जिससे वास्तविक समय में समन्वय और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। रेल मंडल मुख्यालय विशाखापट्टनम में आवश्यक संसाधन एवं जनशक्ति को रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है। तूफान का इतना जबर्दस्त प्रभाव था,कि केके रेल लाइन के घाट अरकू रेल सेक्शन अंतर्गत चिमदीपल्ली-बोर्रागुहालु-टायदा रेल स्टेशन के मध्य भारी बारिश होने और लैंड स्लाइड से केके मार्ग मंगलवार की देर शाम लगभग 7 बजे से पूरी तरह से बाधित रहा। रेल भारी बारिश से रेल पटरी के ऊपर चट्टान और मिट्टी बहाने से स्थिति गम्भीर बनी रही। इधर चिमदीपल्ली-टायदा के मध्य रेल सुरंग के भीतर पटरी के ऊपर विशाल चट्टान गिर गया था। बुधवार सुबह तक बाधित मार्ग को युद्धस्तर पर मरम्मत व सुधार कार्य किया गया। तब जाकर बाधित मार्ग बहाल हुआ,लेकिन रेल प्रशासन घाट सेक्शन में सतर्कता बरतने यात्री और मालगाड़ियों का परिचालन बुधवार तक रोक दिया है। जिसके बाद किरन्दुल-विशाखापटनम आने-जाने वाली पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस ट्रेनों के पहिये 30 अक्टूबर तक थम गए। लाइन बहाल करने घाट सेक्शन में भारी समस्या के बाद भी मरम्मत व सुधार कार्य किया जा रहा है। इधर तूफान के प्रभाव से हावड़ा से जगदलपुर आने-जाने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस, राउरकेला से जगदलपुर तक आने-जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर से जगदलपुर आने-जाने वाली हीराखण्ड एक्सप्रेस को 27 से 29 अक्टूबर बुधवार तक रद्द कर रायगड़ा से संचालित किया गया। कल से तीनों एक्सप्रेस ट्रेनों ने समलेश्वरी और हीराखण्ड एक्सप्रेस नियमित जगदलपुर से चलने के संकेत है। इधर मोथा चक्रवाती तूफान मंगलवार की देर रात काकीनाडा मछलीपट्नम के समुद्र तट से टकराने के बाद आंध्रप्रदेश और ओड़िसा में भारी बारिश ज संभावना के चलते पूर्व तट रेलवे 24 घंटे निगरानी रखी गई। ताकि ट्रेन संचालन और यात्रियों की सुरक्षा पर न्यूनतम प्रभाव पड़े।

- तूफान के चलते 27 अक्टूबर से राउरकेला हीराखण्ड और समलेश्वरी रायगड़ा तक संचालित हुई, कल से नियमित होगी



### 31 अक्टूबर को केके लाइन के सामान्य होने के संकेत

तूफान के प्रभाव से भारी वर्षा और लैंड स्लाइड की घटना के चलते यात्री ट्रेनो को 30 अक्टूबर तक रोक दिया गया। 30 अक्टूबर के बाद 31 अक्टूबर से केके लाइन सामान्य होने की संभावना है। जिन ट्रेनो के पहिये कल तक रद्द किया गया है। उनमें ट्रेन संख्या 58501 विशाखापटनम से किरंदुल पैसेंजर,जो 30 अक्टूबर को विशाखापटनम से प्रस्थान करने वाली थी,रद्द की गई है। इसी तरह ट्रेन संख्या 18515 विशाखापटनम - किरंदुल नाइट एक्सप्रेस,जो 29 अक्टूबर को विशाखापटनम से प्रस्थान करने वाली थी, रद्द की गई है। वापसी में,ट्रेन संख्या 18516 किरंदुल से विशाखापटनम नाइट एक्सप्रेस,जो 30 अक्टूबर को किरंदुल से प्रस्थान करने वाली थी,रद्द की गई है। ट्रेन संख्या 58504 विशाखापटनम भवानीपटना पैसेंजर एक्सप्रेस अब 29 अक्टूबर को रात 8 बजे विशाखापटनम से प्रस्थान करेगी, जबकि इसकी निर्धारित प्रस्थान शाम 6 बजे था।

# नक्सलगढ़ में जवानों का बहादुरी से साथ देने वाले के-9 डॉग ईगो ने ली अंतिम सांस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सल प्रभावित इलाकों में ऑपरेशन के दौरान जवानों का बहादुरी से साथ देने वाले के 9 डॉग ने मंगलवार को अंतिम सांस ली। आईईडी इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस की खोज करने में ईगो को माहरत हासिल थी। जिसने नक्सल ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए दर्जनों आईईडी बरामद कर साथी जवानों की जान बचाने में अदम्य साहस दिखाया था। ईगो के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र चढ़ाकर अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान मौजूद सीआरपीएफ के अधिकारी व जवानों की आखें नम हो गई सभी ने नम आखों से पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि ▶▶| शेष पेज 12 पर

- दोरनापाल सीआरपीएफ मुख्यालय में सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

### नक्सलियों की प्लांट आईईडी खोजने में के-9 को हासिल थी महारत

ईगो सीआरपीएफ 74 वीं बटालियन का दक्ष व साहसी के-9 था। वह नक्सल ऑपरेशन के दौरान आईईडी इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस की खोज और ट्रैकिंग के दौरान अदम्य साहस दिखा चुका था। उसने अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण अभियानों में भाग लिया था। उसकी सूझबूझ और सतर्कता से कई बार बड़े हादसे टले और दर्जनों जवानों की जानें बचीं थी। अधिकारी व जवानों ने ईगो के पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाकर उसे अंतिम सलामी दी। वातावरण में भावनात्मक मौन छा गया जब बटालियन के जवानों ने अपनी ड्यूटी के साथी को सैल्यूट किया। सीआरपीएफ जवानों ने ईगो की निष्ठा, वीरता और सेवाभाव को नमन करते हुए कहा कि ऐसे योद्धा सदैव स्मरणीय रहेंगे। उसकी स्मृति आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का संदेश देती रहेगी। इगो ने भले ही इस दुनिया को अलविदा कह दिया हो लेकिन उसकी बहादुरी और योगदान हमेशा सीआरपीएफ के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेगा।

# नो-पार्किंग में खड़े वाहनों से दुर्घटना की संभावना बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय से सटे सरगीपाल बायपास सड़क, आमागुड़ा चौक, आनंद ढाबा सड़क में दोनों ओर किनारे ट्रक खड़े रहने से वाहनों को जाने-आने के लिए जगह नहीं रहती, जिससे हमेशा दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। इसकी सूचना पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता की टीम ने कई बार नो-पार्किंग वाहनों के खिलाफ जुर्माना कार्रवाई की। उसके बाद भी वाहन चालकों एवं मालिकों ध्यान नहीं है। सड़क किनारे खड़ी वाहनों से सड़क की पटली जर्जर हो रही है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो ▶▶| शेष पेज 12 पर

- उड़नदस्ता की कार्रवाई के बाद भी वाहन चालकों का ध्यान नहीं



### चालकों पर होगी सख्त कार्रवाई

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार साहू ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले वाहनों में सख्ती कार्रवाई की जाएगी।

### उड़नदस्ता टीम को दिए निर्देश

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि उड़नदस्ता की टीम को नो-पार्किंग और सड़क किनारे खड़ी वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

# सिटी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य स्थापना दिवस 2025 के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में भव्य राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में राज्य के मंत्रीगण, सांसद तथा विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बस्तर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। बस्तर जिले में 2-4 नवंबर को सिटी ग्राउण्ड में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर "25 वर्ष राज्य के विकास यात्रा की" थीम पर आधारित विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी के साथ ही स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य की प्रस्तुति सहित हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगाए जाएंगे। राज्योत्सव कार्यक्रमों का आयोजन जनभागीदारी और पारंपरिक गौरव के साथ गरिमामय ढंग से किया जाएगा ताकि प्रदेश की संस्कृति, विकास और एकता का संदेश पूरे राज्य में प्रसारित हो सके।

- उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे मुख्य अतिथि

# बीएमओ व डॉक्टर को कार्रवाई से बचाने की जा रही है कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

दो माह के बच्चे की कल मौत के बाद बीएमओ और फोन पर नर्स को इंजेक्शन लगाने की सलाह देने वाले दोनों के खिलाफ स्थानीय लोगों में जमकर आक्रोश है। बीएमओ डॉ. उमेश सिंह ठाकुर और डॉ. हर्षवर्धन को तत्काल निलंबित करने की मांग कर रहे है। सीएमएचओ डॉ. बुधराम पुजारी का कहना है कि बच्चे की मौत इंजेक्शन की वजह से नहीं हुई है। कई दिनों से निमोनिया से ग्रस्त था उसकी स्वास्थ्य कंडीशन परिजनों को पहले ही बता दिया था। आवापल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कल नर्स द्वारा 5 इंजेक्शन लगाने से 2 माह के मासूम की मौत हो गई थी। परिजनों ने डॉक्टर और स्टाफ नर्स पर ▶▶| शेष पेज 12 पर

- मासूम की मौत इंजेक्शन के ओवरडोज से नहीं, ऑक्सीजन लेवल कम होने की वजह से हुई : डॉ. पुजारी







### उपचार की जिम्मेदारी मोबाइल के भरोसे

बीएमओ डॉ.उमेश सिंह ठाकुर और मोबाइल फोन पर इंजेक्शन लगाने की मरामर्श देने वाले डॉ.हर्ष वर्धन को बचाने की कोशिश की जा रही है। आखिर सूचना मिलने के बाद तत्काल बीएमओ औऱ डॉ. हर्ष वर्धन मौके पर क्यों नहीं पहुंचे। यानी आवापल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार की जिम्मेदारी मोबाइल के भरोसे है। इलाज की सख्त जरूरत पड़ने पर डॉक्टर फोन में ही परामर्श देकर अपनी कर्तव्यों से बरी हो जाते हैं।

## शहर में पार्किंग न होने से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था, महापौर कर रहे गुमराहः कांग्रेस

# प्रतापदेव पारा की सरकारी जमीन पर हर वर्ग की मांग, बने मल्टीलेवल पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के प्रतापदेव पारा स्थित रिक्त सरकारी भूमि पर समाज विशेष के लिए समाज भवन की स्वीकृति देने के नगर सरकार के निर्णय को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को नगर निगम प्रशासन पर तीखा प्रहार किया। कांग्रेस का कहना है कि यह वही भूमि है, जहां वर्ष 2018-19 में तत्कालीन जिला प्रशासन ने मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति तथा राशि स्वीकृत की थी।

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि शहर में पार्किंग की एक भी सुव्यवस्थित व्यवस्था नहीं होने से यातायात अव्यवस्थित हो गया है। मुख्य मार्ग के व्यापारी वर्ग और आम नागरिकों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न समाज, व्यापारी संगठन और स्थानीय नागरिक उक्त भूमि पर मल्टीलेवल पार्किंग की मांग कर रहे हैं, ताकि यातायात और व्यापार दोनों को राहत मिल सके। नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने महापौर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निगम की सामान्य सभा में विपक्ष द्वारा इस विषय को एजेंडे में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन महापौर ने जानबूझकर इसे एजेंडा से हटा दिया। चौधरी ने कहा "महापौर का आचरण इस मुद्दे पर अत्यंत अशोभनीय है और उनके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 12 पर





### महापौर की रुचि समाज विशेष को भूमि आवंटन में : कांग्रेस

*कांग्रेस ने आरोप लगाया कि महापौर की रुचि प्रतापदेव पारा की भूमि को समाज विशेष को देने में है। चौधरी ने कहा कि इससे पहले भी दलपत सागर क्षेत्र की सरकारी भूमि को एक पूंजीपति व्यक्ति को आबंटित करने का प्रयास किया गया था। उन्होंने कहा, "नगर सरकार की नीयत सार्वजनिक संपत्ति को जनहित की बजाय निजी हित में बदलने की है।"*

### कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान आज से

चौधरी ने बताया कि अब कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाएगी। शहरभर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नागरिकों से राय ली जाएगी कि वे प्रतापदेव वार्ड की सरकारी भूमि पर मंदिर चाहते हैं या मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण। उन्होंने कहा, "कांग्रेस जनता की राय को प्राथमिकता देगी और जो भी जनमत होगा, उसी दिशा में संघर्ष करेगी।"

### सांसद-विधायक की चुप्पी पर सवाल

शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि करोड़ों की सरकारी भूमि पर जनहित के लिए मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण की मांग उठ रही है, परंतु स्थानीय सांसद, विधायक और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष इस पर मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा - "अचरज की बात है कि शहर के निर्वाचित प्रतिनिधि जनता की इस सीधी मांग पर भी जनता के साथ नहीं दिख रहे।"

# डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में चोरी, गिरोह के सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डिमरापाल मेडिकल कॉलेज परिसर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए परपा पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई बाइक जब्त किया है। डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग व एसडीओपी लक्ष्मण सिंग पोटाई के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी मो तारिक हरीश के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी चंद्रशेखर बघेल 26 वर्ष निवासी ग्राम कुड़कानार खालेपारा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने बडे भाई नीलू के मोटर सायकल लेकर घर से डिमरापाल ▶▶| शेष पेज 12 पर

- आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाईकल बरामद



### इनकी रही अहम भूमिका

त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक मोहम्मद तारिक हरीश के अलावा एसआई प्रेम पानीग्राही, एएसआई अजीत सिंह, प्रधान आरक्षक लवण पानीग्राही, सुधीर मिश्रा, आरक्षक भहेन्द्र कोमरे, प्रकाश बढ़ा, नीरज सिग व शिवेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### पंकज ने संभाला कोंडागांव पुलिस अधीक्षक का पदभार

**कोण्डागांव।** जिले को नया पुलिस नेतृत्व मिला है। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी पंकज चन्द्रा ने आज मंगलवार को जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पुलिस लाइन पहुँचकर



जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के दौरान श्री चन्द्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा और त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया उनकी प्राथमिकता में सबसे ऊपर रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना आमजन को सुरक्षा का भरोसा देना और पुलिस–जन संबंधों को सुदृढ़ बनाना उनका मुख्य उद्देश्य है। पुलिस का व्यवहार जनता के प्रति संवेदनशील और सहयोगी होना चाहिए। नए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस का दायित्व है। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क और साइबर सेल की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या अपराध की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसपी चन्द्रा ने कहा कि जनता के सहयोग के बिना पुलिस व्यवस्था प्रभावी नहीं हो सकती। उन्होंने सामुदायिक पुलिसिंग की अवधारणा को और मजबूत बनाने की बात कही ताकि आम नागरिक भी शांति और सुरक्षा व्यवस्था में सहभागी बन सकें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक थाना स्तर पर संवेदनशीलता और तत्परता के साथ लोगों की समस्याओं को सुना और हल किया जाए। श्री चन्द्रा ने कहा कि "जनविश्वास हासिल करना ही सच्ची पुलिसिंग है।

### डड़सेना कलार समाज मनाएगा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती आज



**फारसगांव।** बस्तर संभाग का डड़सेना कलार समाज प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष गुरुवार 30 अक्टूबर को भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयन्ती संभाग स्तरीय रूप से ब्लॉक मुख्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमे बतौर मुख्यातिथि श्यामबिहारी जायसवाल लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री होंगे। समाज के लिए बने नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके लिए फरसगांव एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ समेत अन्य अधिकारियो ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया है। जानकारी देते हुए कलार समाज के पदाधिकारी शंकर शार्दुल व अन्य सदस्यों ने बताया की कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरूषोत्तम गजेन्द्र अध्यक्ष डड़सेना कलार समाज करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि में बस्तर सांसद महेश कश्यप, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी विधायक, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम विधायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि बस्तर संभाग के डड़सेना कलार समाज के पदाधिकारी व सैंकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहेंगे।

# कायस्थ समाज ने मनाई भक्ति और उत्सव की संगममयी संध्या

## महिलाओं व बच्चों ने खेल प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिला कायस्थ समाज द्वारा रविवार को फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित ऑक्शन हॉल में भगवान चित्रगुप्त महाराज का पूजन एवं सांस्कृतिक आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। पूजन के बाद समाज के सदस्यों ने सामूहिक आरती की और भगवान चित्रगुप्त से समाज एवं राष्ट्र के कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में भगवान चित्रगुप्त की पूजा–अर्चना के पश्चात विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कायस्थ परिवार की महिलाएँ, पुरुष और बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति और उत्सव की ऊर्जा से भर गया। महिला वर्ग की कुर्सी



### मेधावी छात्रों और वरिष्ठ सदस्यों सम्मान

समाज के उन बच्चों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रें में विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्हें मेडल और मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, समाज के सम्माननीय वरिष्ठ सदस्यों को भी श्रीफल और अभिनंदन पत्र देकर आदरपूर्वक सम्मानित किया गया।

दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुषमा श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान रीता श्रीवास्तव, तृतीय स्थान माही श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को समाज की ओर से पुरस्कार एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में भी प्रतियोगियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सम्मान अर्जित किया।

कार्यक्रम की सफलता में जिला अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष उत्तम श्रीवास्तव, सचिव अनुप श्रीवास्तव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष इना श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोकेश श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, इंद्रदेव श्रीवास्तव, चंद्रभान, अरुण, रजनीकांत बक्शी, चंद्रकांत बक्शी, संदीप श्रीवास्तव, आर.के. श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, धीरेन्द्र श्रीवास्तव, निकदीप आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ओडिशा उपचुनाव को लेकर भाजपा की रणनीतिक बैठक, विधायक की रही केंद्रीय भूमिका

# जनसंपर्क से ही जीत की राह निकलेगी : लता उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/नुआपाड़ा

आगामी उड़ीसा उपचुनाव को लेकर रविवार को भाजपा की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक नुआपाड़ा उड़ीसा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, उड़ीसा सह प्रभारी और कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी की केंद्रीय भूमिका रही। बैठक में पार्टी की चुनावी तैयारियों की समीक्षा की गई और उपचुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सुश्री लता उसेंडी ने कहा उड़ीसा में भाजपा की जीत संगठन की एकजुटता और जनता से सीधा संवाद पर निर्भर है। हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक पहुँचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्योंर् को जनता तक पहुँचाना चाहिए। जनसंपर्क से ही जीत की राह निकलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत' के संकल्प को जन–जन तक पहुँचाना हर कार्यकर्ता का कर्तव्य है। इस रणनीतिक बैठक में भाजपा उड़ीसा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा, छत्तीसगढ़ के विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, पूर्व विधायक पिंकी ध्रुव, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रास चंद्राकर, मोनिका साहू और हेमंत तिवारी सहित दोनों राज्यों के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

■ भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक ने संभाली चुनाव रणनीति की कमान

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी उपचुनाव में छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रहेगी। हर विधानसभा क्षेत्र और बूथ स्तर तक पहुंचकर घर–घर भाजपा, हर वोट मोदी के नाम अभियान चलाया जाएगा। लता उसेंडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के कार्यकर्ताओं के बीच यह समन्वय भाजपा की जीत का आधार बनेगा।



### भाजपा की जीत, जनता के विश्वास से तय होगी : उसेंडी का आत्मविश्वास

*अपने वक्तव्य में लता उसेंडी ने कहा भाजपा की सबसे बडी पूंजी जनता का विश्वास है। जब कार्यकर्ता उसी भावना से जनता के बीच जाएंगे, तो उपचुनाव की जीत अपने आप सुनिश्चित हो जाएगी। उन्होंने महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और किसान प्रकोष्ठ को विशेष रूप से सक्रिय रहने के निर्देश दिए। पार्टी नेताओं का मत – बैठक में सभी नेताओं ने कहा कि संगठन की रणनीतिक तैयारी, जनसंपर्क अभियान और लता उसेंडी जैसे अनुभवी नेतृत्व से उड़ीसा में भाजपा की जीत अब सिर्फ औपचारिकता रह जाएगी।*

# कोंडागांव के विद्यार्थी, स्कूल स्टेट गेम्स के लिए सरगुजा रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

स्कूल स्टेट गेम्स 2025–26 का आयोजन सरगुजा में 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस अवसर पर बस्तर संभाग से कुल 110 खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सरगुजा रवाना हुए। कोंडागांव जिले से 8 छात्र–छात्राएं चयनित हुए हैं, जिनमें से 5 विद्यार्थी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, जामकोटपारा के हैं। इसके अतिरिक्त 1 छात्र मदर टेरेसा स्कूल बोरगांव, 1 छात्र मॉडल स्कूल फरसगांव, तथा 1 छात्र पीएम श्री सेजेस फरसगांव से चयनित हुए हैं।

### कोंडागांव जिले से विभिन्न खेलों में चयनित खिलाड़ी

बैडमिंटन यू –19 बॉयज मोहम्मद तहसीन रजा बास्केटबॉल यू –17 बॉयज वैभव नेताम बास्केटबॉल यू –19 गर्ल्स विनम्रता पटेल फुटबॉल यू –19 गर्ल्स वृद्धि वर्मा क्रिकेट यू –14 बॉयज दिलेन्द्र देवांगन सेजेस जामकोटपारा के स्पोर्ट्स टीचर एवं टीम मैनेजर सौरभ मडामे ने बताया कि विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर अपनी जगह बनाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य शिवलाल शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि खेल के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे राज्य स्तर पर भी सफलता प्राप्त कर कोंडागांव का मान बढ़ाएंगे।

# पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केशकाल विकासखंड के ग्राम पंचायत चारभाटा में पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु मेला एवं प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और अपने पशुधन का प्रदर्शन किया।

■ ग्रामीण अंचलों में पशुपालन को बढ़ावा देने की दिशा में सफल पहल

कार्यक्रम में सात विभिन्न श्रेणियों उन्नत नस्ल मादा वत्स, दुधारू गाय, सांड, बैल, भैंस, बकरी, सूकर, मुर्गी और घोड़े की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेता पशुपालकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। पशु मेले में नेपियर घास, मक्का, सायलेज, अजोला एवं पैरा यूरिया उपचार जैसे पशुचारा प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, आहार प्रबंधन और बीमारियों की रोकथाम संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में पशुपालन को प्रोत्साहित करना और नई तकनीक से जोड़ना था।

### जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य सुमित्र नेताम, सरपंच राजेश नेताम टाटीरास, फरसू मंडावी खेतरपाल, अंतूराम मंडावी डूमरपदर और दामेश्वरी रावटे बहीगांव उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एमबी सिंह, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुदरन मरकाम, डॉ. पीएल ठाकुर, डॉ. एसके नाग, डॉ. चार्ली पोर्ते, डॉ. सीमा मंडावी, डॉ. कस्तूरी प्रधान, डॉ. सुमन उइके, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी हेमलाल पदमाकर, उद्यानिकी अधिकारी आरके मंडावी, तथा डॉ. अनिल मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट सहित अन्य अधिकारी एवं परिचारक उपस्थित रहे। इस आयोजन से ग्रामीण अंचलों में पशुपालन के प्रति जागरूकता और आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिली है।

# जिले में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों की घोषणा की तैयारी जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत कोण्डागांव जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है। अभियान की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2029 तक पूरे जिले को बाल विवाह मुक्त जिला घोषित किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में जिले की 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं। इन पंचायतों में पिछले दो वर्षोंर् से बाल विवाह का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है।

■ 31 मार्च 2029 तक कोण्डागांव को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का लक्ष्य

### जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से मांगी गई आपत्तियां

प्रशासन ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों और नागरिकों से अपील की है कि यदि इन ग्राम पंचायतों में विगत दो वर्षों के भीतर बाल विवाह से संबंधित कोई भी प्रकरण या जानकारी हो, तो वे साक्ष्य एवं दस्तावेज सहित दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### एक सप्ताह के भीतर करें दावा–आपत्ति प्रस्तुत

कोई भी आपत्ति एक सप्ताह के भीतर कलेक्टर कार्यालय या जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, कोण्डागांव में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज कराई जा सकती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी दावों और आपत्तियों के निराकरण के बाद ही ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाएगा।

# शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक में विभागीय कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अजय उरांव द्वारा शनिवार को कोंडागांव एवं माकड़ी विकासखण्ड के बीईओ, बीआरसी एवं संकुल समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा एवं प्रगति का मूल्यांकन किया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा पूर्व में आयोजित समय–सीमा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति पर चर्चा की गई। अधिकारियों को लंबित कार्योंर् को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपार आईडी में प्रगति लाने, विद्यालयों में न्योता भोज के आयोजन और विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र निर्माण कार्य की समीक्षा की गई। अधिकारियों को सुनिश्चित करने कहा गया कि सभी विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र शीघ्र तैयार हों।

अधिकारी उरांव ने पीएम श्री स्कूलों की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने तथा ई–विद्या पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अध्ययन को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्यों में तकनीकी साधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए।



### बस्तर ओलंपिक और राज्योत्सव की तैयारियां तेज करने के निर्देश

बैठक में आगामी बस्तर ओलंपिक एवं राज्योत्सव समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर रश्मि पोया, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, डीएमसी, नायब तहसीलदार सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्योत्सव पूर्व स्वच्छ कोंडागांव : सुंदर कोंडागांव के संकल्प के साथ हुई सफाई

# पूर्व सैनिकों और युवाओं ने विकासनगर स्टेडियम में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर में आगामी 1 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्योत्सव कार्यक्रम की तैयारी के तहत शनिवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव के तत्वावधान में विकासनगर स्टेडियम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में किया गया। पूर्व सैनिकों और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लगभग 80 युवक–युवतियों ने मिलकर विकासनगर स्टेडियम के अंदर और बाहर झाड़ू लगाई, कचरा हटाया और जंगली घास की सफाई की। स्टेडियम को राज्योत्सव के आयोजन के लिए पूर्ण रूप से स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया गया।

■ मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में चला अभियान



### नगरपालिका और परिषद की संयुक्त पहल को सराहना

अभियान में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे, परिषद के जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सह सचिव रवि ठाकुर, तथा बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और प्रशिक्षु युवा–युवतियाँ शामिल रहे। शहरवासियों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्योत्सव की सच्ची तैयारी वही है जहाँ स्वच्छता और सेवा का भाव साथ हो। यह अभियान आगामी राज्योत्सव को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल आयोजन के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। पूर्व सैनिकों और युवाओं के इस प्रयास ने स्वच्छ कोंडागांव सुंदर कोंडागांव के संकल्प को नई ऊर्जा दी है।

### पूर्व सैनिकों ने युवाओं को दी प्रेरणा : स्वच्छता ही देशभक्ति

*अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने कहा देश की सेवा केवल सीमा पर नहीं, बल्कि समाज में स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने में भी निहित है। उन्होंने युवाओं को देश सेवा के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का संदेश दिया। पूर्व सैनिक सेवा परिषद न केवल युवाओं को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान कर रही है, बल्कि समय–समय पर स्वच्छता, रक्तदान, मतदाता जागरूकता और यातायात सुरक्षा अभियान भी चलाती है। इन अभियानों का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक चेतना विकसित करना है।*

## पेज 11 के शेष

### नक्सलगढ़ में जवानों ....

दी। श्रद्धांजलि समारोह में मौजूद सीआरपीएफ 74 बटालियन के कमाण्डेंट हिमाशुं पाण्डे ने कहा कि इगो केवल एक ड्यूटी डॉग नहीं था बल्कि हमारे बटालियन परिवार का हिस्सा था। उसने हमेशा अपनी सेवा, निष्ठा और बहादुरी से हम सबका सिर गर्व से ऊंचा किया। उसका योगदान और समर्पण हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगा। मंगलवार को अपने सेवा काल के दौरान देश की सुरक्षा में अद्वितीय योगदान देने और कई जवानों की जान बचाने वाले ईगो का निधन हो गया। उसकी विदाई के समय जवानों और अधिकारियों की आँखें नम थीं हर कोई अपने साथी को भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहा था।

### नो-पार्किंग में....

रही है। इस बार उड़नदस्ता की ओर से नो-पार्किंग वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा, जिसमें एक बार से अधिक जुर्माना होने के बाद भी नो-पार्किंग में वाहन खड़ा रखने वाले वाहनों को जप्ती कर कोर्ट भेजा जाएगा। इसके लिए सरगीपाल बायपास, आनंद ढाबा से लालबाग तक, गीदम रोड में उड़नदस्ता की टीम पहुंचकर कार्रवाई करेगी और टैक्स बकायादार वाहनों पर सख्ती करेगी।

### बीएमओ और डॉक्टर ....

लापरवाहीपूर्वक उपचार करते हुए जबरन इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। जिसे बीजापुर जिले के मुख्य स्वास्थ्य चिकित्साधिकारी डॉ. बुधराम पुजारी ने नकार दिया। जिनका कहना है आवापल्ली क्षेत्र के मुर्दोण्डा ग्राम में बीते दिनों स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाकर मरीज का जांच एवं उपचार किए जाने के दौरान मृतक बच्चे के माता-पिता स्वास्थ्य कैंप में आकर बच्चों की जांच करवाया। इस दौरान मेडिकल टीम में बच्चों की हालात को गंभीर देखते हुए निमोनिया का लक्षण होना बताया। इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की सलाह दी। उसके बाद ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। बच्चों को जिस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था, तब उसका ऑक्सीजन लेवल एसपीओ 2, 61-62 था। डॉक्टर द्वारा जो इंजेक्शन लगाने के लिए स्टाफ को बताया गया। दवाई की मात्रा और उसके नाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनाई गई ओपीडी पर्ची दर्ज है। मासूम की मौत इंजेक्शन लगने की वजह से ही हुई है। परिजनों द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह गलत है, जबकि मासूम की मौत निमोनिया अत्यधिक बढ़ जाने से हुई है।

स्वास्थ्य सुविधाएं लचर : बच्चे को ऑक्सीजन की कमी थी, तो तत्काल उसे क्यों नहीं दिया। क्या अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं धीरे-धीरे दम तोड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है जब से उसूर आवापल्ली ब्लॉक का बीएम एम डॉ.उमेश सिंह को बनाया है। तब से स्वास्थ्य सुविधाएं लचर हो गई है, शिकायत करने उनके कार्यालय में जाने पर हमेशा मौजूदा स्टाफ साहब रायपुर गये है, इसी एक शब्द का तकिया कलाम पढ़ते हैं।

### प्रतापदेव पारा की ...

आरोप लगाया कि महापौर तकनीकी कारणों का हवाला देकर इस स्थल को अनुपयुक्त बता रहे हैं, जबकि इंजीनियरों ने इसे मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त घोषित किया है। उन्होंने कहा कि महापौर शहर की जनता को गुमराह कर रहे हैं और निजी स्वार्थ में निर्णय ले रहे हैं। प्रेसवार्ता में निगम की उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, पार्षद राकेश मोर्य, लोकेश चौधरी, जस्टिन भवानी, सुशीला बघेल, सूर्यपानी, शुभम यदु और ब्लाक अध्यक्ष कैलाश नाग सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### डिमरापाल मेडिकल....

अस्पताल में भर्ती अपने भाई गुलेश को देखने गया हुआ था। इससे पूर्व उसने बाइक को मोटरसायकल स्टेण्ड में लॉक कर खड़ा किया था। भाई से मिलने के बाद जब वह वापस गाड़ी लेने स्टेण्ड जाकर देखा तो वहां पर बाइक नहीं थी। मोटर सायकल स्टैण्ड के इंचार्ज को पर्ची दिखाकर गाड़ी नहीं होना बताया को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। जांच के दौरान संदिग्ध आरोपी सोमेन्द्र बघेल 29 वर्ष निवासी खड़कघाट कोहकापाल प्रवीरवार्ड से पूछताछ किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने अपने दोस्त लक्ष्मण नाग 21 वर्ष निवासी ग्राम कोयपाल कदमभाटा पारा थाना परपा को बेचने के लिए दिया था। मामले में दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की बाईक जब्त किया गया। दोनों आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

## खबर संक्षेप

### डीडी छत्तीसगढ़ पर प्रसारित होगी टेलीफिल्म मुट्ठी भर जमीन

घाटलोहंगा। सामाजिक मुद्दों पर आधारित टेलीफिल्म मुट्ठी भर जमीन का प्रसारण 30 अक्टूबर को डीडी छत्तीसगढ़ रायपुर केंद्र से किया जाएगा। यह टेलीफिल्म क्रमशः शाम 4:30 बजे, रात 8:30 बजे एवं मध्यरात्रि 12:30 बजे प्रसारित होगी। इस टेलीफिल्म की पटकथा झरना नंदी द्वारा लिखी गई है, जबकि प्रोडक्शन मैनेजर सीएम मंडल हैं। फिल्म में मुख्य कलाकार के रूप में सुबीर नंदी, पूजा चक्र, ज्योत्स्ना ठाकुर, विशेप कपूर, राजु शाहुड, गोविंद मोती, दुर्गेश खंडेलवाल, लक्ष्मीया पाणिग्राही, विक्रम सिंह, आदित्य शाहुड, श्रम गाइन, सोमनाथ बघेल, सोम्या मंडल एवं सुमन मंडल ने अपनी-अपनी भूमिकाएं निभाई हैं। मुट्ठी भर जमीन एक ऐसी टेलीफिल्म है जो समाज की वास्तविक परिस्थितियों और मानवीय संवेदनाओं को उजागर करती है। इस फिल्म के माध्यम से ग्रामीण जीवन, संघर्ष और मानव मूल्यों का संदेश दिया गया है। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रोडक्शन मैनेजर सीएम मंडल ने दी है।

### आमातालाब में डूबने से वृद्धा की मौत

**धमतरी।** आमातालाब में एक बुजुर्ग महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह महिलाएं छठ पूजा करने पोस्ट आफिस वार्ड गौरवपथ स्थित आमातालाब के घाट में गई थी। इसी दौरान महिलाओं ने पानी में एक बुजुर्ग महिला का शव तैरते देखा। तालाब में शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना सिटी कोतवाली को दी गई। पुलिस तत्काल आमातालाब पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्ति में जुट गई। शव की पहचान मीराबाई कामरानी पति आत्माराम उम्र 80 वर्ष गौरवपथ पोस्ट आफिस वार्ड के रूप में की गई। पुलिस ने परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

# सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती पर कलार समाज ने बाजे-साजे के साथ नृत्य करते निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलार समाज दन्तेवाड़ा द्वारा मंगलवार को खराब मौसम के बावजूद बड़े ही धूमधाम से सहस्त्रबाहु अर्जून जयंती मनाया गया। 6वें वर्ष लगातार अनोखे अंदाज में कलार समाज के इष्ट देव राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जून जयंती मनाते आ रहे हैं।

जिले के मेण्डका डोबरा मैदान में सर्वप्रथम दन्तेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी हरेन्द्रनाथ जिया एवं समाज लोगों द्वारा मां दन्तेश्वरी एवं भगवान सहस्त्रबाहु अर्जून के छायाचित्र पर पुष्पहार चढ़ाया गया। दीप प्रज्जवलित कर स्तुतीगान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात अन्य साहू समाज, मालवीय समाज, बंजारा समाज, आदिवासी समाज के मुख्य अतिथियों के आतिथ्य में कलार समाज के महिला, पुरूष के वरिष्ठजनों, प्रबुद्धजनों को मंच पर गमछा व पुष्पहार से सम्मानित किया गया तथा समाज के सक्रिय सदस्यों को उनके अथक परिश्रम एवं सामाजिक अच्छे कार्य के लिए सेवा सम्मान स्मृति चिन्ह देकर सम्मान दिया गया। महिलाएं अपने पारंपरिक परिधान में कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। जिला अध्यक्ष रमेश कुमार सेठिया ने अपने संबोधन में कहा कि समाज शिक्षा, स्वास्थ्य एवं प्रगति पर आगे बढ़े। सबका सहयोग ही सबका विकास का मूलमंत्र है। सामाजिक कुरितियों को समाप्त करना एवं अच्छे कार्य को प्रोत्साहित करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि इसी तरह आप सभी का सहयोग मिलता रहेगा ऐसी आशा है, हम भविष्य में और भी उत्साह और धुमधाम से ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करेंगें। समाज के जिला सचिव संतोष सेठिया ने स्थानीय हल्बी बोली में अपना उद्बोधन दिया। जिला उपाध्यक्ष पीलाराम सिन्हा कार्यक्रम में पधारे अन्य समाज के अतिथियों का समाज की ओर से आभार प्रकट किया। इसके पश्चात कलश यात्रा प्रारंभ किया गया जिसमें 101 कलश का व्यवस्था किया गया था। प्रतिवर्ष की भांती धुमाल बैंड पार्टी की व्यवस्था समाज द्वारा किया गया था, जिसमें बाजे-साजे के साथ नृत्य करते हुए शोभायात्रा रैली और भी आकर्षक रहा। साथ ही भगवान सहस्त्रबाहु के साहस, वीरता एवं इतिहास से परिपूर्ण गीत संगीत भी नगरवासियों का ध्यान अपनी ओर खींचा। रैली मेंडका डोबरा मैदान से जय स्तंभ चौक, बस स्टैण्ड चौक होते हुए बैंक चौक से वापस मेंडका डोबरा मैदान पहुंचा। जहां पर सभी सामाजिक लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। रमेश सेठिया जिला अध्यक्ष ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि कलार समाज के प्रबुद्धजन एवं मार्गदर्शक सियान, सज्जन, जिला प्रशासन, शोभायात्रा में सुरक्षा प्रदाय करने हेतु पुलिस प्रशासन, दूर-दूर ग्रामों से आये हुए स्वजातिय भाई-बन्धुओं, युवक-युवतियों का सहयोग अतुल्यनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना कार्य निर्वहन करने, भोजन व्यवस्था दल के सदस्यों का, विशेष दान दाताओं, समाज के ब्लॉक एवं जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया गया।

कार्यक्रम में दन्तेवाड़ा के के ग्राम भोगाम, बालूद, भांसी, बालपेट, पोन्दुम, चितालंका, ब्लॉक गीदम से कटुलनार, झोड़यिाबाड़म, फरसपाल, घोटपाल, नागुल, हारला, चेरपाल, गुमड़ा, बांगापाल तथा ब्लॉक कटेकल्याण से चिकपाल, कटेकल्याण, गाटम, एवं अन्य ग्रामों से बढ़ी संख्या में सामाजिक लोगों ने हिस्सा लिया। जयंती मनाने कार्यक्रम स्थल मेंडका डोबरा में इस वर्ष लगभग 700 लोगों की भीड़ पहुंची।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर ने ली बैठक

# 4 नवंबर से शुरू होगा डोर-टू-डोर गणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा 27 अक्टूबर को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण की घोषणा कर दी गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित कुल 12 राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण किया जायेगा। इस संबंध में आज जिला

■ मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम

कार्यालय में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम की तिथि वार जानकारी देने के उद्देश्य से बैठक आहूत की गई थी।

बैठक में कलेक्टर ने मुद्रण, प्रशिक्षण, घर-घर जाकर गणना चरण, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन, दावे और आपत्ति अवधि, सूचना चरण सुनवाई और सत्यापन, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुद्रण, प्रशिक्षण हेतु 28 अक्टूबर से 3 नवंबर, घर-घर जाकर गणना चरण हेतु 4 नवंबर से 4 दिसंबर, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर, दावे और आपत्ति अवधि 9 दिसंबर से 8 जनवरी, सूचना चरण सुनवाई और सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी को होगा।

बैठक में कलेक्टर ने आगे बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य से प्रत्येक योग्य नागरिक को मतदाता सूची से जोड़ना तथा अयोग्य व्यक्ति को मतदाता सूची से हटाना है। मतदाता के रूप में पंजीयन के लिये भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार व्यक्ति भारत का नागरिक होने, 18 साल की आयु पूर्ण करने, संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी होने जैसी योग्यताएं निर्धारित है।

इस संबंध में अंतिम गहन पुनरीक्षण 21 साल पहल 2002 से 2004 के बीच किया गया था। छत्तीसगढ़ में पुनरीक्षण की कार्यवाही वर्ष 2003 में पूर्ण की गयी थी। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि जिले के समस्त 284 मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान किये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्य

बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आयोग के निर्देशानुसार वर्ष 2003 की मतदाता सूची तथा वर्तमान मतदाता सूची का टेबलटॉप मिलान कार्य पूर्ण किया गया है साथ ही उनका सत्यापन कार्य बीएलओ एप्प के माध्यम से किया जा रहा है। प्रावधानों के अनुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पंजीकृत प्रत्येक मतदाता के लिये गणना प्रपत्र प्रिंट कर बूथ लेवल अधिकारियों को प्रदाय करेंगे। गणना प्रपत्र में समस्त आवश्यक जानकारी पूर्व से प्रिंटेड फार्म में रहेगी। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं से संकलन किये गये गणना प्रपत्र के माध्यम मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की कार्यवाही करेगा। ऐसे समस्त मतदाता जिनका नाम पिछले पुनरीक्षण 2003 की मतदाता सूची से मैच, लिंक नहीं होगा अथवा जिनका इन्युमरेशन फार्म प्राप्त नहीं होगा उन्हें नोटिस जारी करेगा। नोटिस जारी किये गये मतदाताओं की सुनवाई कर उनकी मतदाता सूची में पात्रता, योग्यता के बारे में परीक्षण कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने अथवा नहीं करने के संबंध में निर्णय लेंगे। ईआरओ द्वारा साप्ताहिक अंतराल में प्राप्त दावे आपत्तियों की सूची सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी। निर्वाचक, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगें कि कोई पात्र नागरिक मतदाता पंजीयन से न छुटे, कोई अपात्र व्यक्ति का मतदाता पंजीयन न हो, बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं का इन्युमरेशन फार्म भरने में सहयोग करेंगे तथा संकलन कर इआरओ, एईआरओ को जमा करेंगें।

# कम लागत से जैविक खाद तैयार करने दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत लामकेर के पंचायत भवन में बीआरएलएफ के माध्यम से बस्तर सेवक मंडल द्वारा हाई इक्पेक्ट मेगा वाटर शेड परियोजना के तहत पीआरए सहभागिता ग्रामीण मूल्यांकन कार्यक्रम आयोजित की गई थी, जिसमें ग्राम के कार्ययोजना एवं सामाजिक मानचित्र, संसाधन मानचित्र मौसमी मानचित्र बनाया गया। साथ ही किसान पाठशाला का भी आयोजन किया गया था।

कृषि विशेषज्ञ सुनील कुमार ठाकुर ने किसानों को बताया कि कम लागत से देसी जुगाड़ जैविक खाद कैसे तैयार किया जाता है, जैविक दवा कैसे तैयार किया जाता है, सरकार द्वारा बहुत से किसानों को लाभ पहुँचाने योजनाएं चलाई जा रही है, जैसे निजी भूमि में भूमि सुधार कार्य बंजर भूमि को खेती योग्य बनाना, डबरी निर्माण, कुआँ निर्माण एवं अन्य जल संचयन संरचनाओं से सिंचाई सुविधाएँ बागवानी,पौधा रोपण और कृषि वानिकी के माध्यम से आजीविका में सुधार नाडेप कम्पोस्ट टैंक, पानी टंकी के निर्माण के द्वारा जैविक खेती में सहयोग एवं पर्यावरण को फायदा पहुँचाने जैसे बहुत से योजनाओं के बारे में बताया। विशेषकर मछली पालन करने वाले किसानों से कहा की कम लागत में छोटी सी डबरी का निर्माण कर ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमा सकते है। सरपंच लक्ष्मण कश्यप ने कहा कि ग्राम में प्रत्येक पारा में समस्या पंजी बनाया गया है जिसमें पारा की समस्या एवं कार्य योजना पंच द्वारा एंट्री किया जाता है जिसे ग्राम सभा में उस समस्या का निराकरण किया जाता है। सरपंच की यह पहल काफ़ी सराहनीय है।

इस कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञ सुनील ठाकुर, कृषि अधिकारी बसंत टोप्पो, ग्राम के सरपंच लक्ष्मण कश्यप, उप सरपंच शम्भूनाथ, सचिव जगदीश, सीआरपी प्रेमसागर ठाकुर, लक्ष्मण बघेल, रोजगार सहायक कमलू, ग्रामसभा अध्यक्ष, ग्राम संगठन अध्यक्ष रतना सेठिया, पशु सखी दौना दिवान, पारा पंच ग्राम संगठन अध्यक्ष, सचिव, स्व सहायता समूह सदस्य, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता आदि सम्मिलित रहे।

# श्रीराम धर्मशाला में मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



दंतेवाड़ा जिले के गीदम नगर में स्थित श्रीराम धर्मशाला में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाई गई। इस मौके पर समाज के द्वारा धर्मशाला प्रांगण में भगवान सहस्त्र बाहु अर्जुन की पूजा अर्चना की गई एव आरती का आयोजन हुआ। इसके पश्चात प्रसाद वितरण एव स्वलापाहर किया गया।

गौरतलब है कि सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है। गीदम नगर में हर वर्ष इस दिन सर्व गुप्ता समाज द्वारा यह आयोजन धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी यह धार्मिक आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस दौरान समाज के अध्यक्ष सन्तोष गुप्ता ने सभी समाजजनों को सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती पर बधाई दी। इस मौके पर विदेराज अग्रहरि, शिवकुमार गुप्ता, लल्लू प्रसाद गुप्ता, महादेव गुप्ता, रामकिशोर गुप्ता, शंकर शिवहरे, राजा गुप्ता, अमित गुप्ता, अंकित गुप्ता, मनीष गुप्ता , मनोज गुप्ता, वैभव गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, आशुतोष शिवहरे, सूरज शिवहरे, महेश शिवहरे, अजय शिवहरे, राजेश गुप्ता, शौर्य समेत समाज के अन्य वरिष्ठ, कनिष्ठ नागरिक एव बच्चे मौजूद रहे।

### कला जत्था दल योजनाओं का कर रहे प्रचार प्रसार



**दंतेवाड़ा।** जनसंपर्क संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायतों में कला पथक दलों द्वारा अपने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शासकीय कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कलापथक दल नृत्य नाटिका प्रहसन के माध्यम से ग्रामीणजनों को योजनाओं जैसे महतारी वंदन, तेंदूपत्ता बोनस, प्रधानमंत्री आवास, से लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रही है। इस क्रम में सांस्कृतिक कला पथक दल नेगमुढियाल नयनार द्वारा विकासखंड कुआकोंडा, नकुलनार, किरंदुल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

# एकता में है हमारी शक्ति जागरूकता ही सुरक्षा की कुंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज एजुकेशन सिटी, जावंगा (गीदम) में पुलिस द्वारा एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी बारसूर गोविंद दिवान और सायबर सेल प्रभारी डीएसपी ठाकुर गौरव सिंह के पर्यवेक्षण में किया गया। आयोजन में

■ एजुकेशन सिटी जावंगा में जन-जागरूकता कार्यक्रम

थाना प्रभारी गीदम निरीक्षक विजय पटेल की सक्रिय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी, नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना, सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष बोमाड़ा कवासी, तथा भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष सुराना सहित कई जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। दंतेवाड़ा पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सायबर अपराध आज की सबसे बड़ी चुनौती है। जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फेक लिंक, ओटीपी साझा करने और फिशिंग जैसे खतरों के प्रति सचेत करते हुए सुरक्षित डिजिटल जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। यातायात सुरक्षा पर चर्चा करते हुए अधिकारियों ने कहा हेलमेट और सीट बेल्ट कोई विकल्प नहीं, यह जीवन रक्षा की ढाल है। वहीं नशा मुक्ति के विषय में विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि नशे से दूरी, सफलता की पहली सीढ़ी है। खेल, शिक्षा और अनुशासन ही युवा शक्ति की असली पहचान हैं।

### राष्ट्र की एकता, अखंडता व भाईचारे की ली शपथ

विद्यार्थियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साइबर अपराध से बचाव, ट्रैफिक नियम एवं नशा से दूर रहने का संदेश दिया गया। बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए क्विज कंपटीशन भी आयोजित कराया गया और पुरस्कार में उन्हें कॉलोलेट्स एवं मिठाई दिया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण, विद्यालय प्राचार्य, सैकड़ों विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक स्वर में एकता में शक्ति है का उद्घोष करते हुए राष्ट्र की अखंडता, एकता और भाईचारे की शपथ ली।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा बैठक

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, आगामी राज्योत्सव और बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने आगामी राज्योत्सव की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव जिले की संस्कृति, परंपरा और उपलब्धियों का गौरवपूर्ण उत्सव है, अतः इसकी तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर खेल प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर होने वाले बस्तर ओलंपिक में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए तथा खेल मैदानों में स्वास्थ्य विभाग का अमला, पेयजल, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से उपलब्ध रहें। इसके साथ ही एकता दौड़ के आयोजन की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए खाद्य विभाग को अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# गुरु भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक 29 यूनिट किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर रक्तदान शिविर एवं सत्संग समारोह का आयोजन श्रीराम धर्मशाला गीदम में किया गया। इस अवसर पर संत समाज के गुरु भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक 29 यूनिट रक्तदान कर रक्तदान महादान के संदेश को सार्थक किया और मानव सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिला अस्पताल दंतेवाड़ा से डॉ. मिश्रा, राजू कश्यप तथा उनकी पूरी टीम ने सहयोग प्रदान किया। उनके निर्देशन में शिविर का संचालन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सत्संग कार्यक्रम में नगर के बुद्धिजीवी नागरिकगण, मेडिकल स्टाफ, कृषि विभाग के अधिकारी तथा अनेक श्रद्धालु भक्तों ने उपस्थिति दर्ज कराई। सभी आगंतुकों को स्वर्वेद महाग्रंथ, संत विज्ञान देव वचनामृत, शॉल एवं नारियल भेंटकर सम्मानित किया गया। पूज्य संत प्रवर के जन्मोत्सव पर उपस्थित भक्तगणों ने केक काटकर, आनंदपूर्वक इस अवसर को मनाया। कार्यक्रम में जिला संयोजक एलपी गुप्ता द्वारा पांच कुंड यजमान रसीदें तथा सुशीला माली द्वारा एक कुंड रसीद काटी गई। कार्यक्रम में सुखराम नाग, लक्षिन्दर, सुंदर, पीलाराम, जयदेव, जोगेंद्र, दिलीप, रामचंद्र, मुन्नाराम, रूपधर, शंकर, छबिलाल, सोमढो, विष्णु भास्कर, महेश पदम, सुरेश, सुखमण नाग, जगदीश यादव, कमलवती यादव, सुशीला गुप्ता, दंतेश्वरी नाग, शांति नाग, लक्ष्मी मरकाम, मीटकी एवं अनेक सैकड़ों गुरु भाई-बहनों की उपस्थिति रही। जिला संयोजक एलपी गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और बताया कि पिछले 30 वर्षों से संत समाज द्वारा निरंतर समाज सेवा, रक्तदान एवं नशा मुक्ति अभियान के रूप में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। अंत में गुरु शिष्य प्रार्थना, आरती, शांति पाठ एवं जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# दियारी तिहार हमारी संस्कृति और जीवनशैली का प्रतीक : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बस्तर क्षेत्र के छोटे जीराखाल, मरेठा के पारंपरिक एवं सांस्कृतिक पर्व दियारी तिहार के अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल एवं नारायणपुर के पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ शामिल होकर पारंपरिक उत्सव का आनंद लिया।

बस्तर अंचल का एक महत्वपूर्ण कृषि एवं पशुधन आधारित उत्सव है, जिसे विशेष रूप से आदिवासी समुदाय बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाते हैं। इस पर्व के माध्यम से किसान अपने पशुधन, फसल और ग्राम देवताओं के प्रति आभार प्रकट करते हैं। ग्रामीण अपने खेतों की उपज का कुछ हिस्सा देवताओं को अर्पित करते हैं और पशुधन की पूजा कर समृद्धि की कामना करते हैं। विधायक लखेश्वर बघेल ने इस अवसर पर कहा कि दियारी तिहार हमारी संस्कृति और जीवनशैली का प्रतीक है यह पर्व हमें प्रकृति, पशु और कृषि के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का संदेश देता है। पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने भी ग्रामीणों के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों में भाग लिया और सभी को इस उत्सव की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि ऐसे पर्व न केवल हमारी परंपरा को जीवित रखते हैं बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**गीदम, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ 202510161800004/ अ-2/ 2024-25
ग्राम- गीदम, प.ह.नं.-17, तहसील - गीदम

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती अनिता टोप्पो पति श्री नंदू टोप्पो निवासी गीदम, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 9407697160 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-गीदम, प.ह.नं.-17 रा.नि.मं. गीदम तहसील-गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 941/20 रकबा 0.2000 हें. भूमि में से रकबा 0.0702 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 10/11/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/10/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) गीदम

## खबर संक्षेप

### पुलिस थाना प्रभारियों को किया सम्मानित



**जगदलपुर।** पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर निरंतर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा संपूर्ण भारत देश एवं प्रदेश स्तर पर पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया। साथ ही उन्हें पुलिस स्मृति दिवस के सम्मान में मानवधिकार के पदाधिकारियों द्वारा उनके महत्वपूर्ण सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में बस्तर संभाग के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित कर बस्तर जिले के बोधघाट थाना प्रभारी एवं परपा थाना प्रभारी को सम्मानित किया गया, पुलिस स्मृति भेंट किया। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष जगमोहन सोनी, उपाध्यक्ष प्रेम दास मानिकपुरी, महासचिव योगेंद्र कश्यप, जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र पटनायक एवं अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### पदोन्नति की प्रक्रिया अंतिम चरण में

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग अन्तर्गत कार्यरत शिक्षक (नियमित/एल.बी.) संवर्ग के शिक्षकों की पदोन्नति प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) में किये जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं। इसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि समक्ष में आ रही हो अथवा इसमें सुधार अथवा दावा आपत्ति हो तो समस्त कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधि संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बस्तर संभागीय कार्यालय में 3 नवम्बर को 11.00 बजे उपस्थित हों ताकि पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्रतिशीघ्र पूर्ण की जा सके।

# ग्रामीणों को सायबर अपराध से बचने के उपाय, आनलाइन ठगी समेत दी अन्य जानकारी

## नेतानार चलित थाना में ग्रामीणों की समस्याओं का किया गया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नानगुर थाना क्षेत्र के नेतानार में मंगलवार को आयोजित चलित थाना में मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सायबर अपराध एवं उससे बचने के उपाय, म्यूल एकाउंट, आनलाईन ठगी, महिला एवं बच्चों से सम्बंधित अपराध, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम के पालन करने एवं नशा मुक्ति के सम्बंध में जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरुक किया गया। नानगुर थाना प्रभारी निरीक्षक गणेशराम यादव ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण पोटाई के मार्गदर्शन में थाना नानगुर क्षेत्र के नेतानार ग्राम में चलित थाना का आयोजन किया गया था। अभियान के दौरान नेतानार समेत आसपास के ग्राम के मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों को अपराधों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।



### महिला एवं बच्चों से सम्बंधित अपराध की दी जानकारी

नानगुर थाना प्रभारी गणेशराम यादव व स्टॉफ द्वारा वर्तमान समय में होने वाले सायबर फ्रॉड की जानकारी देते हुए उनसे बचने के उपाय बताए गए। इसके अलावा ग्रामीणों को म्यूल एकाउंट, आनलाईन ठगी, महिला एवं बच्चों से सम्बंधित अपराध, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम के पालन करने एवं नशा मुक्ति के सम्बंध में जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरुक किया गया। गांव में आने वाले अनजान लोगों के सबंधं में तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, पचों अन्य जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में आस-पास के ग्रामीण, निरीक्षक थाना नानगुर के अलावा एएसआई रामेश्वर कश्यप, प्रधान आरक्षक देवचंद नाग, आरक्षक शंकर कश्यप, तारनताह, अशोक आदि मौजूद थे।

## रजत जयंती वर्ष में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम हो गरिमामयी

# धान खरीदी के लिए आवश्यक प्रारंभिक तैयारियां समय पर करें पूरा : हरिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने धान खरीदी के लिए आवश्यक प्रारंभिक तैयारियों समय पर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि अनुविभागीय स्तर पर निगरानी

■ समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

समिति की बैठक लेकर किसानों को एप, स्टैगिंग, टोल फ्री नं., एफआरए पट्टाधारक को एग्रीस्टैक में कैरी फॉरवर्ड करवाने की कार्यवाही करें। उन्होंने किसान सम्मान निधि पर एफआरए पट्टाधारकों का भी पंजीयन करवाने के निर्देश दिए।जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में मंगलवार की दोपहर में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए।



कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम गरिमामयी से आयोजित की जाएगी, विभागों के द्वारा 25 वर्ष में जिले के विकास की थीम पर विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन करते हुए राज्योत्सव कार्यक्रम को संपादित करेंगे। साथ ही तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिससे स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम शहर के सिटी ग्राउंड में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। उन्होंने कार्यक्रम में पूर्व सांसद, पूर्व विधायक सहित क्षेत्र के विकास में योगदान देने वाले सभी सम्मानितजनों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बस्तर ओलम्पिक के तहत खेल गतिविधियों का आयोजन के सम्बन्ध में चर्चा किया, उन्होंने कलस्टर विकासखंड, जिला स्तरीय प्रतियोगिता को कार्य योजना बनाकर खेल गतिविधियों करवाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही प्रतियोगिता के विजेताओं को दी जाने वाली शील्ड, मेडल, प्रोत्साहन राशि के सम्बन्ध में चर्चा किए। साथ ही खेल मैदानों को व्यवस्थित रखने, मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने और जिला-संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु आवासीय व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में रजत जयंती के तहत आयोजित की जा रही कार्यक्रमों का वितरण रजत जयंती के पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों से संबंधित समय-सीमा की प्रकरणों पर चर्चाकर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### आपार आईडी कैंप की ली जानकारी

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के लिए आयोजित की जा रही आपार आईडी कैंप की जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की प्रगति, जाति प्रमाण पत्र निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए, तहसील व एसडीएम कार्यालय और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के जानकारी पर चर्चा किए। इसके अलावा प्रधानमंत्री सुर्यघर योजना की कार्य की प्रगति जनपदवार समीक्षा किए। जनपदों में सुर्यघर योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैंक से भी योजना के लिए आवेदन प्राप्त होने पर ऋण की सुविधा हेतु जल्द निराकरण करवाएं साथ ही हितग्राहियों को योजना के लिए प्रोत्साहित भी करें। इसके अलावा रूरल तथा शहरी क्षेत्र भी लक्षित संख्या को भी बढ़ाएं।

# बीमारियों की सर्वेक्षण कर संभावित मरीजों की करें जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के प्रशिक्षण कक्ष में लेप्रा सोसायटी और अजीम प्रेम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के सहयोग से 27 से 31 अक्टुबर तक सातों बिमारियों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुपरवाइजर एवं स्टाफनर्सो को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुष्ठ, टीबी, फाईलेरिया, जेई (जापानी बुखार), सिकलसेल एवं खुजली बिमारी हैं, जिसमें प्रतिदिन एक बिमारी को लेकर छह घंटे का प्रशिक्षण डॉक्टर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता सुपरवाइजर एवं स्टाफ नर्सों द्वारा घर-घर जाकर परिवार के प्रत्येक सदस्यों की उक्त सातों बीमारियों की सर्वेक्षण कर संभावित मरीजों की जांच कर सूची तैयार की जाएगी। प्रत्येक सेक्टरों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों द्वारा जांच एवं उपचार किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान कमलेश वर्मा द्वारा टीबी के केश को पहचानने के सरल तरीको के बारे में बताया। इस अवसर पर जिला क्षण नियंत्रण अधिकारी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी लेप्रा सोसायटी से परियोजना के कार्यक्रम अधिकारी एनएन साहू, ईशा पांडे, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बंकावड के पर्यवेक्षक दिनेश पराते लेप्रा सोसायटी के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।

### क्षय रोगियों की पहचान करें

जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री द्वारा क्षयरोग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में टीबी रोग के लक्षण उपचार के बारे में उपस्थित कर्मचारी, अधिकारियों को विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि परिवार के सभी सदस्यों की गहन जांच करें एवं संभावित क्षय रोगियों की पहचान कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड भेजने हेतु प्रेरित किया ताकि शीघ्र ही उनकी जांच एवं उपचार हो सके।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में उपलब्धि हासिल करने करें बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर कारगर क्रियान्वयन कर हरेक पात्र व्यक्ति

■ कमिश्नर ने संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

को लाभान्वित करने के लिए सभी विभाग सकारात्मक प्रयास करें। साथ ही इन योजनाओं के क्रियान्वयन में उपलब्धि हासिल करने के लिए विभागीय तौर पर बेहतर प्रदर्शन करें। इस दिशा में संभागीय अधिकारी नियमित तौर पर क्षेत्र भ्रमण कर क्रियान्वयन स्थिति की मॉनिटरिंग सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। संभाग के नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में विशेष तौर पर नियमित भ्रमण कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण सहित हितग्राहीमूलक योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करें। सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में कांजी हाउस को सक्रिय रखकर बेहतर प्रबंधन के साथ ही प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। उक्त निर्देश कमिश्नर ने बुधवार को कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने अंदरूनी इलाके के स्कूलों-आंगनबाड़ी एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के विद्युतीकरण को प्राथमिकता देने कहा। वहीं दूरस्थ ईलाके के आंगनबाड़ी केंद्रों पर समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता हेतु रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत महोत्सव आयोजन में सभी विभागों को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने कहा और रजत महोत्सव के लोगो का पत्राचार एवं अन्य प्रचार-प्रसार में उपयोग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों के मैदानी अमले के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने कहा। कमिश्नर ने संभाग के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य में अद्यतन प्रगति लाने पर बल देते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी के साथ संचालित किए जाने के निर्देश दिए।



### लंबित पेंशन प्रकरणों का जल्द करें निराकरण

कमिश्नर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के लिए जोर देते हुए कहा कि हर अधिकारी एवं कर्मचारी को भविष्य में सेवानिवृत्त होना ही है अतएव अपने विभागीय परिवार के इन सेवानिवृत्त सदस्यों के पेंशन मामलों के निराकरण को सर्वोच्च वरीयता देवें। उन्होंने प्रकरणों की अधिकता को मद्देनजर रखते हुए जिला स्तर पर पेंशन निराकरण शिविर आयोजित कर जल्द से जल्द लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार से मोदी की गारंटी पूरी करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। संघ ने महंगाई भत्ता

■ स्थापना की रजत जयंती पर कर्मचारियों की मांग-मोदी की गारंटी निभाए सरकार

(डीए) केंद्र के समान देय तिथि से लागू करने और पिछले 7 वर्षों के एरियर्स को कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने की प्रमुख मांग उठाई।

प्रदर्शन का आयोजन कलेक्ट्रेट चौक,में बुधवार की शाम 4 बजे किया गया,जहाँ बड़ी संख्या में कर्मचारी अपने हाथों में "मोदी की गारंटी पूरा करो" लिखे पोस्टर लेकर पहुंचे और नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के नाम 9 सूत्रीय मांग पत्र कलेक्टर बस्तर के प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर सत्येंद्र बंजारे को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव, प्रांतीय उपाध्यक्ष टार्जन गुप्ता, संभाग अध्यक्ष अतुल शुक्ला,और जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार



कर्मचारियों की मांगों पर संवेदनशीलता से विचार कर रजत जयंती वर्ष में उन्हें सम्मानपूर्वक समाधान का उपहार दे। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगे जल्द नहीं मानी गईं तो राज्यव्यापी आंदोलन उग्र रूप लेगा। प्रदर्शन में संघ से जुड़े सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे,जिनमें कैलाश चौहान, गायत्री मरकाम, जागेश्वर सिन्हा, प्रवीण श्रीवास्तव, लूदर्शन कश्यप, तुलदास मानिकपुरी, देवराज खूंटे, गणेश्वर नायक, नंद किशोर देशलहरे, रमेश गुप्ता, संतोष राजपूत, नीलम मिश्रा, आशा दान, परवीन महतो, बलवीर देवांगन सहित अनेक पदाधिकारी एवं महिला कर्मी सम्मिलित थे। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार ने यदि "मोदी की गारंटी" को सच में निभाना है, तो कर्मचारियों के हक को प्राथमिकता देनी होगी।

### कर्मचारियों की नौ सूत्रीय मांगें

केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू किया जाए, वर्ष 2017 से लंबित महंगाई भत्ता की एरियर्स राशि को कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित किया जाए, मध्यप्रदेश की भांति 240 दिनों के स्थान पर 300 दिनों के अवकाश नगदीकरण का लाभ दिया जाए, संविदा, दैनिक एवं अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित करते हुए सेवा सुरक्षा की गारंटी दी जाए, सभी कर्मचारियों को संपूर्ण सेवा काल में चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान का लाभ दिया जाए, शिक्षक एवं लिपिक सहित अन्य संवर्गों की वेतन विसंगतियां दूर की जाएं, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर शिक्षक (एलबी) संवर्ग को समस्त सेवा लाभ दिए जाएं, प्रदेश के कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जाए तथा अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत की सीमा समाप्त की जाए।

# दीपों की रौशनी में नहाया गंगामुण्डा घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बुधवार की शाम गंगामुण्डा छठ घाट पर आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित करने के पश्चात मिथिला समाज, बस्तर

■ मिथिला समाज ने प्रज्वलित किए 3100 दीप

मिथिला युवा मंच के युवाओं, महिलाओं और समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से 3100 दीप प्रज्वलित कर घाट को आलोकमय बना दिया।

मिथिला समाज के लक्ष्मण झा ने बताया कि दीपोत्सव का यह आयोजन बस्तर की खुशहाली, सामाजिक एकता और प्रकृति पूजा की परंपरा को जीवंत रखने के उद्देश्य से किया गया। इस आयोजन में समाज के लोगों के साथ-साथ युवाओं ने घाट की सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया।



कार्यक्रम में विशेष रूप से सांसद महेश कश्यप, विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव,नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, वरिष्ठ भाजपाई श्रीनिवास मिश्रा,एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही तथा संजय विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# जागरूकता के अभाव में डेढ़ माह से फोरम में शिकायत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत नियामक के उपभोक्ता फोरम जगदलपुर क्षेत्र में जागरूकता नहीं होने के चलते डेढ़ माह से फोरम में एक भी उपभोक्ताओं ने आवेदन नहीं मिला। विद्युत नियामक उपभोक्ता फोरम जगदलपुर क्षेत्र के अध्यक्ष पीआर साहू ने बताया कि उपभोक्ताओं के शिकायत पर फोरम में कार्रवाई एवं जुर्माना की जानी है। फोरम का मुख्य उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करना है। ये फोरम विद्युत अधिनियम 2003 के तहत स्थापित किए गए हैं और उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित समस्याओं, जैसे बिलिंग या आपूर्ति की खराबी, को सुनते हैं। यदि उपभोक्ता फोरम में उनकी शिकायत का समाधान नहीं होता है, तो वे आगे राज्य आयोग द्वारा नियुक्त लोकपाल से संपर्क कर सकते हैं।



# नवजात को असुरक्षित स्थानों पर न छोड़ें बाल कल्याण समिति को सौंपें : पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बच्चों की सुरक्षा और जीवन रक्षा को लेकर बाल कल्याण समिति, बस्तर ने एक महत्वपूर्ण अपील जारी की है। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही ने कहा कि यदि कोई माता-पिता किसी कारणवश अपने नवजात शिशु का पालन-पोषण करने में असमर्थ हैं, तो वे बच्चे को बाल कल्याण समिति, बस्तर को सुरक्षित रूप से सौंप सकते हैं। बच्चे को असुरक्षित स्थानों पर छोड़ना न केवल मानवता के विरुद्ध है, बल्कि यह कानूनी अपराध भी है।



पाणिग्राही ने बताया कि कई बार समाज के डर या आर्थिक कठिनाइयों के कारण लोग नवजात को झाड़ियों, नालों या निर्जन स्थलों पर छोड़ देते हैं, जिससे बच्चे के जीवन पर खतरा मंडराने लगता है। समिति ऐसे बच्चों को संरक्षण में लेकर कानूनी प्रक्रिया के तहत जरूरतमंद दंपतियों को गोद दिलाने की व्यवस्था करती है, ताकि वे सुरक्षित और स्नेहभरा जीवन जी सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी माता-पिता बच्चे को समिति के सुपुर्द करेंगे, उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। ऐसे माता-पिता जो सीधे समिति कार्यालय नहीं पहुंच सकते,वे सेवा भारती (शिशु गृह) मातृ छाया,नयापारा, जगदलपुर के बाहर बने शिशु पालना में अपने नवजात को सुरक्षित छोड़ सकते हैं।







